राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल को कोरोना बचाव से सम्बन्धित पुस्तक व पोस्टर भेंट

जयपुर, 25 दिसम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से आज यहां राजभवन में पूर्व न्यायाधीश श्री पानाचंद जैन, प्रो. बनवारी लाल गौड़ और लेखक अखिलेश जैन ने मुलाकात की।

राज्यपाल श्री मिश्र को लेखक अखिलेश जैन ने इस अवसर पर अपनी लिखी पुस्तक 'कोरोना पर विजय' की प्रति भेंट की वहीं जस्टिस पाना चंद जैन एवं प्रो. वैध बनवारी लाल गौड ने भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के आह्वान पर आधारित पोस्टर 'आयुर्वेद अपनाइये, कोरोना भगाइये' की प्रति भेंट की।

श्री मिश्र ने कोरोना महामारी से निपटने और सावधानियां अपनाने के लिए किये जा रहे इन प्रयासों की सराहना की।

———